# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

## 02 मार्च 2023

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**कुल प्रश्न 28**

----

**बाढ़ से निजात कबतक**

*43 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में बाढ़ से क्षति रोकने को विशेष समिति का गठन किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि बूढ़ी गंडक, बागमती बाया, कदाने, झाझा एवं नून आदि नदियों से बाढ़ में सड़क, पुल, फसल सहित जान-माल का भारी नुकसान होता है;

(ग) क्या यह सही है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का वर्ष 1984 से लेकर 2019 तक सैटेलाइट से गयी तस्वीरों का सरकार अध्ययन ही कर रही है, बाढ की तबाही से निजात पाने हेतु फलाफल क्या निकला, यह गंभीर विषय है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ की तबाही से निजात दिलाने की दिशा में कौन-कौन सी कार्रवाई की है ?

----

## योजनाओं की अनुशंसा

***44 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **योजना एवं विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, जमाल रोड, पटना सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट XX1-1860 सं.- 31/40-41 के तहत पंजीकृत संस्था है जिनकी शाखाएं राज्य के सभी जिलों में स्थापित एवं संचालित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पंजीकृत भवनों में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, विभागीय गतिविधियों के साथ-साथ सरकारी गतिविधियों का भी संचालन होता रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षा के गुणात्मक विकास हेतु इस केन्द्र के उन्न्यन के लिए मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विधान मंडल के माननीय सदस्यों को विभिन्न निर्धारित योजनाओं की अनुशंसा का अधिकार देना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ?

----

## आवागमन सुगम कबतक

***45 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले का देकुली बांध से दोस्तिया बांध तक के दोनों तरफ का ढाला एवं ईंट सोलिंग जर्जर एवं खराब होने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बांध एवं ढाला की मरम्मती कराकर आवागमन सुगम कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक ?

----

## समरूपता स्थापित कबतक

***46 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर में उत्पाद विभाग ने वीआईपी पियक्कड़ों के

लिए विशेष हाजत की व्यवस्था की है जिसमें गद्देदार बेड, सोफासेट, सोफा टेबुल, ए.सी. इत्यादि की सुविधा प्रदान की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उत्पाद कानून में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ऐसे विशेष वी.आई.पी. हाजत बनाने का क्या औचित्य है और सरकार समरूपता स्थापित कर समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***47 प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के ग्राम- विशनूपुर, थाना- मनियारी, प्रखंड- कुढ़नी में एक कब्रिस्तान है जिसका खाता नं.- 385, खेसरा नं.- 602, रकबा- 5 डी. एवं खेसरा नं.- 1285, रकबा- 24 डी. है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी हेतु स्थानीय नागरिकों द्वारा मुजफ्फरपुर जिला पदाधिकारी को आवेदन दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि कब्रिस्तान की घेराबंदी का कार्य नहीं होने के कारण यहां के स्थानीय दबंगों द्वारा जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है जो कभी भी वाद-विवाद का कारण बन सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक कब्रिस्तान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर घेराबंदी करायेगी, यदि हां तो कबबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कौन-सी कार्रवाई

***48 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश के द्वारा एक करोड़ आठ लाख रुपये की सरकारी राशि का गबन संबंधी मामले को रफा-दफा कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि भगवानपुर थाना के अंतर्गत संजात संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों के नाम से आवंटित छात्रवृत्ति की राशि निकाल कर गबन कर दिया गया है,

जबकि उक्त महाविद्यालय पूर्णतः फर्जी है;

(ग) क्या यह सही है कि पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय ने उक्त मामला की पुनर्जांच कराने का आदेश दिया है, लेकिन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तेघड़ा के ऊपर अबतक किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तेघड़ा के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## किसान भुखमरी के कगार पर

*49 **श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास/कैमूर जिलान्तर्गत 1964 के बाद आजतक दुर्गावती प्रखंड जलाशय परियोजना की मुख्य नहर लगभग 32 किलोमीटर है, सरकार की तरफ से किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त परियोजना की मुख्य नहर और वितरणी लखमीपुर माइनर, पोखरी माइनर, साभट माइनर के जीर्णोद्धार के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं होने से किसान भुखमरी के कगार पर आ गए हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दुर्गावती जलाशय परियोजना को कबतक करना चाहती है ?

----

## शत प्रतिशत नामांकन

*50 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **श्रम संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में 150 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई.टी.आई. एवं 1197 प्राइवेट संस्थान हैं जिसमें 1 लाख 49 हजार 876 सीट पर नामांकन होना था, विगत सत्र में मात्र 61 हजार 962 सीटों पर नामांकन हो सका है;

(ख) क्या यह सही है कि आई.टी.आई. करने के बाद सबसे अधिक रेलवे में छात्र नौकरियां करते थे लेकिन पिछले कई वर्षों से रेलवे में पर्याप्त संख्या में बहाली न होने से छात्रों की दिलचस्पी कम होती जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि करीब 55 प्रतिशत रिक्त रह गयी सीटों पर नामांकन बढ़ाने हेतु बिहार राज्य प्रशिक्षण निदेशालय को सार्वजनिक माध्यम से आई.टी.आई. से होने

वाले लाभ को बतलाने की आवश्यकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आई.टी.आई. में शत प्रतिशत नामांकन हेतु कौन-कौन से सार्थक प्रयास कर रही है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अतिक्रमण मुक्त कबतक

***51 श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज कोन्घ एवं ग्राम पंचायत राज भोरहां के बीच प्रभावित होने वाली मठी नदी का अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण बरसात के पानी का निकास बंद हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि मठी नदी के अधिकांश भाग में गाद भी भर गया है जिसके कारण बरसात के दिनों में गांव के पानी का नदी में बहाव नहीं हो पाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मठी नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा नदी की तराई में बैठे हुए गाद की निकासी कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यो ?

----

## डैम निर्माण कबतक

***52 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला जहानाबाद अंतर्गत प्रखंड-घोषी, ग्राम+पंचायत-भारथु में 'फल्गु नदी' अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि इस नदी में भारथु नंदना स्कीम के तहत डैम निर्माण से जहानाबाद के 25 गांव एवं नालंदा जिला के 50 गांवों की सिंचाई हो सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस पर कबतक भारथु नंदन स्कीम के तहत डैम निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## छात्रावास का निर्माण

***53 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिला में जिला मुख्यालय से चार पंचायत के बाद लगभग 12 कि.मी. की दूरी पर जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त छात्रावास मेधावी छात्रों की सुविधा के अनुरूप अपने मकसद में कामयाब नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुपौल मुख्यालय में छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सुगम यातायात की सुविधा

*54 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर)ः**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के कोईलवर से लेकर छपरा जिला के डोरीगंज तक आरा-छपरा रोड पर ट्रकों एवं ट्रैक्टरों के बेतरतीब परिचालन के चलते प्रतिदिन भयंकर महाजाम लगता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त महाजाम के चलते आरा से छपरा की महज 45 किलोमीटर की दूरी तय करने में 8 से 9 घंटे का समय लग रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आरा-छपरा रोड पर ट्रकों एवं ट्रैक्टरों के बेतरतीब परिचालन को नियंत्रित करते हुए आज जनता को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पईन की सफाई

*55 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत बिहार शरीफ प्रखंड के रहुई रोड के पूरब ईमादपुर जाने की ओर पईन है;

(ख) क्या यह सही है कि शहर का कचरा इमादपुर पईन में जमा हो रहा है जिससे दुर्गंध पैदा हो रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि इस पईन में हिन्दुओं का पवित्र त्योहार छठ पूजा मनाया

जाता है;

(घ) क्या यह सही है कि यह पईन आगे जा कर भर गया है जिससे पानी की निकासी नहीं हो रही है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पईन की सफाई एवं खुदाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आहर, पईन एवं करहा निर्माण

*56 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद नगर परिषद् के वार्ड संख्या- 33 धनगावां मुहल्ले के सभी आहर, पोखर, पईन एवं करहों की पुनर्खुदाई करवाने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार किया जाता रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त वार्ड में लगभग 18 एकड़ में सिंचाई के लिए आहर, पईन, पोखर एवं करहा निर्माण कराया गया था, जो कुछ वर्षों से खुदाई नहीं होने से अपना वजूद खो चुका है और अतिक्रमण का शिकार हो गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड- 'ख' में वर्णित पोखर, आहर, पईन एवं करहा का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र का पक्कीकरण

*57 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भभुआ जिलान्तर्गत रामपुर प्रखंड के ग्राम- खजुरा में आंगनबाड़ी केन्द्र है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड- 'क' में वर्णित आंगनबाड़ी केन्द्र मिट्टी के भवन में संचालित होता है, जिससे जान-माल का खतरा बराबर बना रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड- 'क' में वर्णित मिट्टी से निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का जनहित में यथाशीघ्र पक्कीकरण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## इलेक्ट्रिक बस का संचालन

*58 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि इलेक्ट्रिक बसें डीजल बसों की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जित करती हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शहरों में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए पटना से सीतामढ़ी तथा शिवहर के लिए इलेक्ट्रिक बस संचालित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## निरीक्षण भवन असुरक्षित

*59 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड के अधीन रैयाम में भवन निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त निरीक्षण भवन के ठीक गेट पर कुछ बाह्य व्यक्ति द्वारा जेनरेटर एवं दुकान के साथ-साथ ठीक बगल की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बना लिया गया है, जिसके चलते निरीक्षण भवन बिल्कुल असुरक्षित सा हो गया है;

(ग) क्या यह सही है कि है कार्यपालक अभियन्ता, दरभंगा व भवन प्रमण्डल, दरभंगा ने अपने पत्रांक- 615, दिनांक- 20.05.2022 के द्वारा जेनरेटर एवं दुकान के साथ-साथ निरीक्षण भवन के ठीक बगल में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को हटाने हेतु थाना प्रभारी, रैयाम को पत्र दिया है, जिसपर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते निरीक्षण भवन की सुरक्षा के साथ-साथ अस्तित्व पर भी असर पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा कार्यपालक अभियन्ता, अवर प्रमण्डल, दरभंगा के द्वारा रैयाम थाना को लिखे गए पत्र पर कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

----

## लाइब्रेरियन एवं मानसिक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*60 **श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि समस्त बिहार में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के आवासन हेतु आवास का निर्माण हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि अम्बेडकर कल्याण छात्रावास अथवा अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में लाइब्रेरियन एवं मानसिक शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के आवासन के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था एवं मानसिक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बस स्टैंड को चालू करना

***61 श्री अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा शहर के सुपर बाजार के निकट सरकार द्वारा बस स्टैंड का निर्माण किया गया है, जो निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद कार्यरत नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जल्द-से-जल्द नवनिर्मित बस स्टैंड को चालू करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति

***62 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रदूषण नियंत्रण हेतु तेल और गैस से चलने वाले वाहनों की तुलना में इलेक्ट्रिक से चलने वाले वाहनों से प्रदूषण कम होता है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में भी बहुत सारी इलेक्ट्रिक बसें सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, यह सरकार की पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रमाण है, परन्तु अब भी राज्य के कई शहरों में इलेक्ट्रिक बसें संचालित नहीं हो पा रही हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजधानी पटना से बेगूसराय एवं समस्तीपुर के लिए इलेक्ट्रिक बसें संचालित करने का विचार रखती है और क्या बिहार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन को प्रोत्साहित करने की कोई नीति है, यदि हां तो क्या नीति है, यदि नहीं तो क्या सरकार ऐसी नीतियां बनाने का विचार

रखती है ?

----

## समीरा (समरिया) पोखरा को अतिक्रमण मुक्त

***63 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर जिला के थाना+अंचल मोहनियां, ग्राम+पंचायत- बढुपर के मुख्य मार्ग पर अवस्थित समीरा (समरिया) पोखरा का अतिक्रमण हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि अधिक अतिक्रमण किये जाने के कारण पर्यावरण के साथ-साथ ग्रामीण जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अमृत सरोवर योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समीरा (समरिया) पोखरा को अतिक्रमण मुक्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बीमा राशि का भुगतान

***64 प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **वित्त विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला के प्रखंड- जीरादेई, पोस्ट- अकोल्ही, थाना- मैरवा अन्तर्गत ग्राम- विजयीपुर के निवासी बसंत कुमार राम, पिता- श्री प्रभुनाथ राम, भारतीय जीवन बीमा निगम, एल.आई.सी. पॉलिसी सं.- 826110741, 826126667 एवं 826126708 के पॉलिसी होल्डर थे;

(ख) क्या यह सही है कि बसंत कुमार राम, पिता- श्री प्रभुनाथ राम की मैरवा से करछुई जाने के क्रम में रेल दुर्घटना से दिनांक- 21.02.2019 को मृत्यु हो गई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण रेल दुर्घटना बताया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि बसंत कुमार राम पॉलिसी होल्डर के नामित व्यक्ति श्री प्रभुनाथ राम एवं श्री मुन्ना कुमार राम को भारतीय जीवन बीमा निगम, सिवान द्वारा प्राकृतिक मृत्यु बीमा की राशि का भुगतान किया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि भारतीय जीवन बीमा निगम, सिवान द्वारा उपर्युक्त तीनों पॉलिसी के तहत डी.ए.बी. का भुगतान के लिए दुर्घटना हित लाभ, दुर्घटना बीमा की राशि के भुगतान हेतु भारतीय जीवन बीमा निगम, पटना प्रमंडल कार्यालय (2), चतुर्थ

तल, जीवन गंगा बिल्डिंग, फ्रेजर रोड, पटना- 800001 को सभी प्रपत्र उपलब्ध कराने के बावजूद उक्त पटना प्रमंडल कार्यालय (2) में दुर्घटना हित लाभ का भुगतान लंबित है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुर्घटना हित लाभ, बीमा की राशि का भुगतान बसंत कुमार राम के नामित व्यक्ति को कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## गाद की सफाई

*65 **Mr. Ghanshyam Thakur (Nominated):**

Will the **Water Resources Department** be pleased to state:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड के हुरराही गांव से होते हुए पाली सौली घाट, खुमहानी नदी के साथ बसैठ से बिशनपुर तक बुढनद बरसाती नदी है;

(ख) क्या यह सही है कि बहुत अधिक दिनों से इसकी गाद की सफाई नहीं की गई है जिससे कि इस नहर में फसल के मौसम में किसानों को फसल की सिंचाई के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है साथ ही साथ बरसात के समय में जल निकासी हेतु कोई पर्याप्त साधन नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों नहरों की गाद की सफाई करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बाकी बचे कार्य कबतक

*66 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखण्ड की नारायणपुर पंचायत स्थित गोबरदाहा बांध एवं पईन की कुल लंबाई 560 मीटर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पईन पर मात्र 200 मीटर पर ही चैनल का निर्माण किया जा रहा है, शेष 360 मीटर को छोड़ दिया गया है जिस कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाकी बचे कार्य को कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## बांध सुदृढ़ करने पर विचार

***67** **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखंड अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि तेघड़ा प्रखंड की पंचायत चिल्हाय, वार्ड नं०- 01 के पास रिंग बांध बना हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त रिंग बांध की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेघड़ा प्रखंड की चिल्हाय पंचायत, वार्ड नं०- 1 के रिंग बांध को सुदृढ़ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## गाईड बांध का निर्माण

***68** **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड- बगहा-1 में मसान नदी अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम रायबारी महुआ एवं ग्राम- तमकुही से बहने वाली मसान नदी में गाईड बांध का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को बाढ़ एवं जल जमाव के कारण काफी आर्थिक क्षति होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम रायबारी महुआ से ग्राम- तमकुही तक गाईड बांध का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## वायु प्रदूषण नियंत्रित कबतक

***69** **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि माह जनवरी 2023 में सर्वे के अनुसार बिहार के बेगूसराय, सिवान एवं सहरसा जिलों की परिवेशीय वायु में गैसीय प्रदूषक निर्धारित मानक से काफी अधिक पाया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि वह राज्य के इन अति प्रदूषित शहरों में राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता मानक के अनुरूप वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु कौन-सी स्थायी व्यवस्था करने का विचार

रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पूर्ण अवगत कराने का विचार

*70 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विभागीय अपर मुख्य सचिव एवं विशेष सचिव के साथ अन्य पदाधिकारियों की दिनांक- 26.09.2022 को हुई एक बैठक में विभागीय कर्मचारियों के द्वारा अपने स्थानान्तरण-पदस्थापन के निमित्त समर्पित आवेदन पत्रों के आलोक में विचार करने हेतु एक समिति का गठन किया गया जिसे अधीक्षण अभियंता- सह - तकनीकी सचिव- सह- प्रभारी मुख्य अभियंता (यो०+अनु०+भू०), लघु जल संसाधन विभाग, पटना के हस्ताक्षर से ज्ञापांक- 989, दिनांक- 10.10.2022 के द्वारा एक कार्यालय आदेश निर्गत किया गया;

(ख) क्या यह सही है कि इस गठित समिति की निर्धारित प्रथम बैठक दिनांक- 20.10.2022 के बजाय अगली किसी तिथि को आयोजित कर स्थानान्तरण-पदस्थापन संबंधी कई निर्णय लिए गए, किन्तु कार्यान्वयन सिर्फ एक कर्मचारी के मामले में किया गया जो पक्षपातपूर्ण है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस संबंध में अब तक की सम्पूर्ण कार्यवाही एवं इस हेतु अब तक की गई कार्रवाई के पूर्ण ब्यौरे से अवगत कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----